INDIAN CANCER SOCIETY

RISE AGAINST CANCER

सही जानकारी रखेगी कैंसर से दो कदम आगे।

आधी-अधूरी जानकारी और सुनी-सुनाई बातें कभी किसी का भला नहीं करतीं। ख़ासतौर पर तब जब बात हो रही हो कैंसर की। इसीलिए, आज हम आपको कैंसर से जुड़ी सही और ज़रूरी जानकरी देंगे, जो आपको हमेशा दो कदम आगे रखेगी।

अंत नहीं, एक रुकावट

कैंसर जीवन का अंत नहीं, सिर्फ एक बीमारी है जिसका उपचार कर जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। याद रखें, सही समय पर और सही इलाज से कई आम कैंसर ठीक हो सकते हैं।

यह छुआ-छूत की बीमारी नहीं है

कैंसर किसी भी व्यक्ति को छूने या उसके साथ उठने-बैठने से नहीं फैलता। इसलिए जब भी आप किसी कैंसर-पीड़ित से मिलें, उसके साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा औरों के साथ करते हैं। ऐसा करके आप पीड़ित के साथ-साथ उसके परिवार का भी हौसला बढ़ाएंगे।

यह कर्मों का फल नहीं है

अक्सर लोग कैंसर होने पर अपनी किस्मत को दोष देते हैं या उसे अपने बुरे कर्मों का दंड समझकर हार मान लेते हैं। ऐसा सोचना गलत है क्योंकि कैंसर एक तरह की बीमारी है जिसका कर्म से कोई सम्बन्ध नहीं है।

इनसे नहीं होता है कैंसर

आजकल तनाव, हेयर डाई, डिओडोरेंट इत्यादि को भी कैंसर से जोड़ा जाने लगा है। पर सच्चाई ये है कि अभी तक इनके कैंसर से जुड़े होने का कोई भी ठोस, वैज्ञानिक प्रमाण नहीं मिला है।

यह खानदानी बीमारी नहीं है



कैंसर मामलों में केवल 5-10% वंश से सम्बंधित हो सकते हैं। बाकी बचे 90% में अक्सर प्रदूषण, तम्बाकू, रेडिएशन इत्यादि जैसे बाहरी कारणों का हाथ होता है। इसका मतलब ये कि अगर परिवार की एक पीढ़ी में किसी को कैंसर हुआ है तो ज़रूरी नहीं कि उसकी आने वाली पीढ़ी को भी ये बीमारी हो जाएगी।

माइल्ड हो या लाइट, हानिकारक दोनों ही हैं

तम्बाकू का सेवन, चाहे वो किसी भी रूप या मात्रा में हो, हमें नुकसान ही पहुँचाता है और कैंसर का कारण भी बन सकता है।

कैंसर क्या नहीं है, अब ये आप समझ गए होंगे। अगले अंक में हम आपको बताएंगे कि रोज़ के जीवन से जुड़ी कौन सी छोटी-बड़ी बातें आपको कैंसर से आगे रखने में मदद करेंगी।

03-03-19 को यहाँ वापस आना मत भूलिएगा।

रहो कैंसर से दो कदम आगे

www.rahocancerseaage.org

घोषणा: यह जानकारी आज तक हुई शोध पर आधारित है।